सबका नाम

रमोला विकास दान
सहायक प्राध्यापक

सर्वनाम दो शब्दों के योग से बना है **सर्व + नाम** , अर्थात जो नाम सब के स्थान पर प्रयुक्त हो उसे **सर्वनाम** कहा जाता है।

कुछ उदाहरण से समझिये –

मोहन 11वीं कक्षा में पढ़ता है। **मोहन** स्कूल जा रहा है। **मोहन** के पिताजी पुलिस हैं। **मोहन** की माताजी डॉक्टर है। **मोहन** की बहन खाना बना रही है।

उपर्युक्त वाक्य में **मोहन** (संज्ञा) है इसका प्रयोग बार – बार हुआ है। बार – बार **मोहन** शब्द को दोहराना वाक्यों को **अरुचिकर** व **कम स्तर** का बनाता है। यदि हम एक वाक्य में **मोहन** (संज्ञा) को छोड़कर अन्य सभी जगह **सर्वनाम** का प्रयोग करें तो वाक्य रुचिकर व आकर्षक बन जाएंगे।
जैसे –

मोहन 11वीं कक्षा में पढ़ता है।
वह स्कूल जा रहा है।
उसके पिताजी पुलिस हैं।
उसकी माताजी डॉक्टर हैं।
उसकी बहन खाना बना रही है।

सर्वनाम की परिभाषा

जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया जाता है, उन्हें सर्वनाम कहते है।

मूलतः सर्वनामों की संख्या ग्यारह है –

मैं, तू, आप, यह, वह, जो, सो, कौन, कोई और कुछ आदि।

उदाहरण –

- गीता पढने में बहुत तेज है।
  वह पढने में बहुत तेज है।

- जय कल जायेगा।
  वह कल जायेगा।

इन उदाहरणो में गीता और जय संज्ञा शब्द है और वह सर्वनाम है |

सर्वनाम के भेद

सर्वनाम के छः भेद होते है-

(1)पुरुषवाचक सर्वनाम

(2)निश्चयवाचक सर्वनाम

(3)अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(4)संबंधवाचक सर्वनाम

(5)प्रश्नवाचक सर्वनाम

(6)निजवाचक सर्वनाम

पुरुषवाचक सर्वनाम

जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग वक्ता द्वारा खुद के लिए या दुसरो के लिए किया जाता है, उसे पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं।

जैसे – **मैं, हम** (वक्ता द्वारा खुद के लिए)
तुम और आप (सुनने वाले के लिए)
यह, वह, ये, वे (किसी और के बारे में बात करने के लिए) आदि।

पुरुषवाचक सर्वनाम के उदाहरण:

मैं फिल्म देखना चाहता हूँ।
आप कहते हैं तो ठीक ही होगा।
वह पढने में बहुत तेज है।

जैसे :-

आदि

पुरुषवाचक सर्वनाम तीन प्रकार के होते है-

उत्तम पुरुषवाचक	मध्यम पुरुषवाचक	अन्य पुरुषवाचक
बोलने वाला	सुनने वाला	अन्य व्यक्ति के लिए
मैं, हमारा, हम, मुझको, हमारी, मैंने, मेरा, मुझे आदि।	तू, तुम, तुम्हे, आप, तुम्हारे, तुमने, आपने आदि।	वे, यह, वह, इनका, इन्हें, उसे, उन्होंने, इनसे, उनसे आदि।
जैसे – मैं स्कूल जाऊँगा। हम मतदान नहीं करेंगे।	जैसे – तुम सो जाओ। तुम्हारे पिता जी क्या काम करते हैं ?	जैसे – उसे कुछ मत कहना। वह कल विद्यालय नहीं आया था।

सर्वनाम के जिस रूप से हमे किसी बात या वस्तु का निश्चत रूप से बोध होता है, उसे निश्चयवाचक सर्वनाम कहते है।

जैसे- यह, वह, ये, वे आदि।

निश्चयवाचक सर्वनाम के उदाहरण:

तनुज का छोटा भाई आया है। यह बहुत समझदार है।
किशोर बाजार गया था, वह लौट आया है।

उपर्युक्त वाक्यों में 'यह' और 'वह' किसी व्यक्ति का निश्चयपूर्वक बोध कराते हैं, अतः ये निश्चयवाचक सर्वनाम हैं।

निश्चयवाचक सर्वनाम

जिन सर्वनाम शब्दों से वस्तु, व्यक्ति, स्थान आदि की निश्चितता का बोध नही होता वे अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।

जैसे-: कुछ, कोई आदि।

अनिश्चयवाचक सर्वनाम के उदाहरण:

मुझे **कुछ** खाना है।

मेरे खाने में **कुछ** गिर गया।

ऊपर दिए गए वाक्यों में वक्ता सिर्फ अंदाजा लगा रहा है लेकिन हमे वस्तु या व्यक्ति की निश्चितता का बोध नहीं हो रहा है। अतः कुछ, कोई आदि शब्द अनिश्चयवाचक सर्वनाम की श्रेणी में आते हैं।

अनिश्चयवाचक सर्वनाम

जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग किसी वस्तु या व्यक्ति का **सम्बन्ध** बताने के लिए किया जाए वे शब्द सम्बन्धवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।

जैसे :- **जो-सो**, **जैसा-वैसा** आदि।

सम्बन्धवाचक सर्वनाम के उदाहरण:

जैसी करनी **वैसी** भरनी।

जो सोवेगा **सो** खोवेगा जो जागेगा सो पावेगा।

ऊपर दिए वाक्यों में '**जो-सो**' व '**जैसे-वैसे**' शब्दों का प्रयोग करके किसी वस्तु या व्यक्ति में सम्बन्ध बताया जा रहा है। अत:ये शब्द सम्बन्धवाचक सर्वनाम की श्रेणी में आते हैं।

संबंधवाचक सर्वनाम

जो सर्वनाम शब्द सवाल पूछने के लिए प्रयुक्त होते है, उन्हें प्रश्नवाचक सर्वनाम कहते है।

जैसे- कौन, क्या, किसने आदि।

प्रश्नवाचक सर्वनाम के उदाहरण:

टोकरी में क्या रखा है।
बाहर कौन खड़ा है।

ऊपर दिए वाक्यों में '**कौन**' तथा '**क्या**' शब्दों का प्रयोग करके किसी व्यक्ति या वस्तु के बारे में जानने की कोशिश की जा रही है। अतः ये प्रश्नवाचक सर्वनाम की श्रेणी में आएंगे।

प्रश्नवाचक सर्वनाम

निजवाचक सर्वनाम

जिन शब्दों का प्रयोग वक्ता किसी चीज़ को **अपने** साथ दर्शाने या **अपनी** **बताने** के लिए करता है, वे निजवाचक सर्वनाम कहलाते हैं।

जैसे-:

मैं अपने कपडे **स्वयं** धो लूँगा।

मैं वहां **अपने आप** चला जाऊंगा।



ऊपर दिए वाक्यों में वक्ता ने खुद के लिए **स्वयं** और **अपने** जोड़ने के लिए किया।

सर्वनाम के प्रकार	सर्वनाम
पुरूषवाचक सर्वनाम	मैं, तू, वह, हम, मैंने
निश्चयवाचक सर्वनाम	यह, वह
अनिश्चयवाचक सर्वनाम	कोई, कुछ
संबंधवाचक सर्वनाम	जो, सो
प्रश्नवाचक सर्वनाम	कौन, क्या
निजवाचक सर्वनाम	आप

धन्यवाद